आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :375 पृष्ठ -4 दिनांक 18 जनवरी 2025 दिन शनिवार

# यूपी प्रदेश की नौकरशाही में बड़ा फेरबदल

## 14 जिलों के डीएम व तीन मंडलायुक्त बदलेय 29 आईएएस का हुआ तबादला

उत्तरप्रदेश में शासन ने गुरुवार देर रात 14 जिलों के डीएम बदल दिए हैं। इसमें लखनऊ और कानपुर के जिलाधिकारी भी शामिल हैंराज्य सरकार ने देर रात तीन मंडलायुक्त और लखनऊ बाराबंकी समेत 14 जिलों केजिलाधिकारी समेत 31 आईएएस अफसर के तबादले कर दिए हैं। मेरठ, आगरा, अलीगढ़ में नए मंडलायुक्त बनाए गए हैं। मथुरा, बुलंदशहर, लखनऊ, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बिजनौर, कानपुर नगर, बागपत, बांदा, गाजियाबाद, मेरठ, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, सुल्तानपुर के जिलाधिकारी बदले गए हैं।इसके अलावा मेरठ की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. को सचिव नियोजन एवं डीजी अर्थ एवं संख्या के पद तैनात किया गया है। आगरा की मंडलायुक्त रितु महेश्वरी को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण में सचिव बनाया गया है। सहारनपुर के मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद को मेरठ मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अलीगढ़ की मंडलायुक्त चौत्रा वी. को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल का डीजी बनाया गया है। मथुरा के डीएम शैलेश कुमार सिंह को आगरा का मंडलायुक्त बनाया गया है। बुलंदशहर के डीएम चंद्रप्रकाश



सिंह को मथुरा का डीएम बनाया गया है। जितेन्द्र प्रताप सिंह बने कानपुर के जिलाधिकारी यीडा में एसीईओ श्रुति को बुलंदशहर का डीएम बनाया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की सीईओ संगीता सिंह को अलीगढ़ का मंडलायुक्त बनाया गया है। प्रतापगढ़ के डीएम संजीव रंजन को अलीगढ का डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिव सहाय अवस्थी को प्रतापगढ़ का डीएम बनाया गया है। बिजनौर के डीएम अंकित कुमार अग्रवाल को निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण बनाया गया है। बागपत के डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह को कानपुर का डीएम बनाय गया है। यूपीसीडा की एसीईओ अस्मित लाल को बागपत का डीएम बनाया गया है। बांदा के डीएम नगेंद्र प्रताप को यीडा का एसीईओ बनाया गया है। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण जे. रीभा को बांदा का डीएम बनाया गया है। गाजियाबाद के डीएम इंद्र विक्रम सिंह को कृषि विभाग में सचिव के पद पर तैनात किया गया है। मेरठ के डीएम दीपक मीणा को गाजियाबाद भेजा गया है। फर्रुखाबाद के डीएम डॉ. विजय कुमार सिंह को मेरठ का डीएम बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा के एसीईओ आशुतोष कुमार द्विवेदी को फर्रुखाबाद का डीएम बनाया गया है। बाराबंकी के डीएम सत्येंद्र कुमार को विशेष सचिव मुख्यमंत्री बनाया गया है। जबकि मुख्यमंत्री के सचिव शशांक त्रिपाठी को बाराबंकी का डीएम बनाया गया है। सुल्तानपुर की डीएम कृतिका ज्योत्सना को विशेष सचिव राज्य कर बनाया गया है। सीएम के विशेष सचिव कुमार हर्ष को सुल्तानपुर का डीएम बनाया गया है। सीएम के विशेष सचिव ईशान प्रताप सिंह को नागरिक उड्डयन विभाग में विशेष सचिव एवं निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। सचिव नियोजन नरेंद्र प्रसाद पांडेय को राजस्व परिषद में सदस्य न्यायिक बनाया गया है। सचिव खेलकूद एवं युवा कल्याण सुहास एलवाई से डीजी युवा कल्याण एवं पीआरडी का अतिरिक्त कार्यभार वापस ले लिया गया है। चिकित्सा विभाग में तैनात अर्चना वर्मा को राष्ट्रीय बीमा योजना का सीईओ बनाया गया है। मेरठ की अपर आयुक्त जसजीत कौर को बिजनौर का डीएम बनाया गया है।

## यूपी में गिरेगा रात का पारा, कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, अभी ठंड से नहीं मिलेगी राहत

शुक्रवार को लखनऊ और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह और देर शाम को कोहरे का असर देखने को मिलेगा। हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ हो जाएगा और धूप निकलेगी जिससे ठंड में राहत मिलेगी। प्रदेश में 20 जनवरी सोमवार से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है। उस दिन से देर रात और सुबह के समय कोहरे का असर बढ़ने की संभावना है।प्रदेश में इस समय मौसम का मिजाज लगातार बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। कभी घना कोहरा, कभी बादल और कभी धूप के बीच ठंड का असर बरकरार है। प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार को लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में भारी कोहरे के कारण लगभग 18 ट्रेनें देरी से चलीं, जिनमें से कुछ ट्रेनें 11–11 घंटे की देरी से थीं।मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को लखनऊ और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह और देर शाम को कोहरे का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, दोपहर बाद मौसम साफ हो जाएगा और धूप निकलेगी, जिससे ठंड में राहत मिलेगी। गुरुवार को लखनऊ में सुबह के समय बादल और सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर ज्यादा था। दिन के दौरान हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन यह बेअसर रही। शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी शाम के वक्त हल्की बूंदाबांदी भी हुई। लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को लखनऊ में न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई है।इसमें अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में अगले दो दिन तक घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उधर, प्रदेश में 20 जनवरी, सोमवार से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है। उस दिन से देर रात और सुबह के समय कोहरे का असर बढ़ने की संभावना है।

## महाकुंभ में नागा संन्यासियों ने की तोड़फोड़, . बैनर पोस्टर फाड़े, पुलिस ने शुरू की जांच

प्रयागराज में महाकुंभ से में आयोजना को अंधविश्वास बताने पर नागा संन्यासी भड़क गए. नागा संन्यासियों ने युवाओं के स्टॉल में तोड़फोड़ की. बैनर पोस्टर को फाड़कर आग के हवाल कर दिया. सोशल मीडिया पर नागा संन्यासियों के हंगामे और गुस्से का वीडियो वायरल हो रहा हैमहाकुंभ मेला पुलिस वायरल वीडियो की जांच पड़ताल में जुटी है. वायरल वीडियो मेला क्षेत्र के ओल्ड जीटी पांटून पुल के पास भारद्वाज आश्रम अखाड़ा के पास का बताया जा रहा है. जहां पर आधा दर्जन युवक युवतियां स्टाल लगाकर बैठे थे. युवक युवतियां पोस्टर लगाकर लोगों को बता रहे थे कि अंधविश्वास का मेला है, कुंभ एक बहाना है, मुक्ति चाहिए तो समझ जगाना है.लाउडस्पीकर से भी महाकुंभ मेले को अंधविश्वास बता रहे थे. इस बात की जानकारी जब नागा संन्यासियों को हुई तो उनका गुस्सा भड़क उठा. नागा संन्यासियों ने मौके पर पहुंचकर न केवल स्टाल में तोड़फोड़ की बल्कि सनातन विरोधी साहित्य और पोस्टर को भी आग के हवाले कर दिया.जिस स्थान पर स्टाल लगाया गया था, वहां एक और संत का कट आउट भी लगा हुआ था. कुछ लोगों ने युवाओं के एक खास गुट से जुड़े होने की भी आशंका जताई है. हालांकि पोस्टर बैनर पोस्टर लगाने वाले युवक कहां से आए और उनकी क्या मंशा थी इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है.इस मामले में अभी तक पुलिस को कोई शिकायत भी नहीं मिली है. हालांकि एसएसपी महाकुंभ राजेश द्विवेदी के मुता. बिक वायरल वीडियो की उन्हें जानकारी मिली है. एसएसपी के मुताबिक पुलिस को जांच का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी.

## मुसलमानों को लेकर दिए बयान पर कायम जस्टिस शेखर यादव, SC को चिट्ठी लिखकर दिया जवाब



इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव ने मुस्लिमों पर दिए बयान पर सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है. जिसमें उन्होंने साफतौर पर कहा कि वो अपने बयान पर कायम हैं. उनके बयान से न्यायिक आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है. जस्टिस शेखर को वीएचपी के कार्यक्रम में मुस्लि. मों को लेकर दिए गए बयान की वदह से चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम के सामने पेश होना पड़ा था. एक महीने बाद अब उन्होंने चिट्ठी लिखकर अपना जवाब दिया है. जस्टिस शेखर यादव ने चिट्ठी लिखकर कहा कि उन्होंने जो भाषण दिया था वो उस पर पूरी तरह से कायम हैं. उनकी बात किसी भी तरह के न्यायिक आचरण के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करती है. उन्होंने दावा किया कि उनके भाषण को कुछ स्वार्थ वाले लोगों ने तोड़ मरोड़कर पेश किया. न्यायपालिका के वे सदस्य जो सार्वज. निक रूप से अपनी बात नहीं रख सकते. उन्हें न्यायिक बिरादरी के वरिष्ठों द्वारा सुरक्षा दी जानी चाहिए. अपने बयान पर कायम जस्टिस शेखर अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार सूत्रों के मुताबिक जस्टिस शेखर ने पत्र में लिखा कि उनका भाषण संविधान में निहित मूल्यों के अनुरूप सामाजिक मुद्दे पर विचारों की अभिव्यक्ति थी. उसका मतलब किसी समुदाय विशेष के प्रति घृणा फैलाने नहीं था. उन्होंने अपनी की गई टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगी और कहा कि वो अपनी कही गई बातों पर कायम हैं. बता दें कि ये मामला 8 दि. संबर का है. जब विश्व हिन्दू परिषद के एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव को आमंत्रित किया गया था. इस कार्यक्रम में उन्होंने अपनी बात रखते हुए मुस्लिमों को टिप्पणी की थी. उन्होंने समान नागरिक संहिता पर कहा कि इसे हिन्दू वर्सेस मुस्लिम के तौर पर पेश किया गया लेकिन, हिन्दुओं ने कई सुधार किए हैं जबकि मुसलमानों ने नहीं किए. उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि चाहे वो आपका व्यक्तिगत कानून हो, हमारा हिन्दू कानून हो या आपका कुरान..हम अपनी प्रथाओं में बुराइयों का समाधान कर चुके हैं. लेकिन आप (मुस्लिम) इन्हें खत्म क्यों नहीं करते. जस्टिस शेखर ने आगे कहा कि मुझे ये कहने में गुरेज नहीं है कि हिन्दुस्तान बहुसंख्यकों के अनुसार ही चलेगा. कानून उन्हीं के अनुसार चलता है. इस दौरान उन्होंने ये भी कहा था कि कठमुल्ले देश के लिए घातक हैं. उनकी इस बात को लेकर काफी विवाद हो गया था, जिसके बाद इस पर सियासत भी देखने को मिली थी.

## मंडी समिति में कारोबारी पर हमला, . आढ़त में लगा दी आग, आरोपियों पर .धमकाने और अभद्रता का आरोप

मझोला थाना क्षेत्र में ठेकेदार के कर्मच. ारियों ने रुपये न देने पर कारोबारी के साथ मारपीट की और आढ़त में आग लगा दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और दमकल ने आग बुझाई। तहरीर पर केस दर्ज कर कार. 'वाई की जा रही है।मझोला थाना क्षेत्र स्थित मंडी समिति में बृहस्पतिवार रात रुपये न देने पर ठेकेदार के कर्मचारियों ने एक आढ़ती के साथ मारपीट की। बाद में आरोपियों ने आढ़त में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और दमकल विभाग की गाड़ी बुला ली। पुलिस ने घायल आढ़ती को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना मझोला के प्रीतम विहार निवासी रोहित की मंडी में आढ़त है। रोहित के पिता मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी आए दिन रुपयों की मांग करते हैं। रुपये न देने पर अभद्रता व मारपीट करते हैं। बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे आरोपी फिर से आ गए और उन्होंने रोहित से रुपयों की मांग की।रुपये न देने पर आरोपी भड़क गए और रोहित के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिसमें वह घायल हो गया। रो. हित के परिवार के लोग आए तो आरोपी आढ़त में आग लगाकर भाग गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जब तक दमकल विभाग की गाड़ी आई तब तक आढ़त जल चुकी थी।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगीयुवक को पीटने में दो गिरफ्तार मूंढापांडे थाना क्षेत्र खबड़िया भूड़ में ससुराल में आए युवक को पीटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। भोजपुर थाना क्षेत्र के सिरसवां दोराहा निवासी नेपाल अपनी पत्नी आंचल के साथ खबड़िया भूड़ में अपनी ससुराल आए थे।आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले उवैश से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद उवैश, उसका भाई खुशवा और चार–पांच महिलाओं ने घर में घुसकर हमला बोल दिया था। जातिसूचक शब्द कहते हुए गालियां भी दीं। हमले में नेपाल, उनकी पत्नी और सास जितेंद्री घायल हो गई थीं। एसएचओ आरपी शर्मा ने बताया कि उवैश और उसके भाई खुशवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## महाकुंभ में आए कार वाले बाबा, 50 साल पुरानी गाड़ी से कर चुके हैं बदरीनाथ से रामेश्वरम तक का सफर

महाकुंभ अध्यात्म के रंगों में सराबोर हैं. यहां आध्यात्मिक दुनिया से जुड़े अलग–अलग साधु संत देखने को मिल रहे हैं. इस महाकुंभ में एक कार वाले बाबा भी हैं जिनकी कार की चर्चा काफी है.यह कार लगभग 50 साल पुरानी है और लगभग 35 साल पहले उनके भक्तों ने उनका यह कार दी थी. यह कार ही उनका घर और मंदिर है और इसको वह अपनी मां मानते हैं. आईए जानते हैं क्या है इस पूरी कार वाले बाबा की कहानी.इस गाड़ी में एक तरफ त्रिशूल है , एक तरफ घंटियां है, फूल माला चढ़ी है. गाड़ी में लाउडस्पीकर लगा है. गाड़ी के अंदर अपने भगवान की स्थापना की है. गाड़ी के ऊपर छत पर सोने के लिए बेड की व्यवस्था है. गाड़ी में घर का पूरा समान है, यहां तक कि गाड़ी के ऊपर पंखा भी लगा है.उन्होंने बताया कि लगभग 35 साल पहले उनको किसी भक्ति में गाड़ी दिया था और इस गाड़ी से वह पूरे भारत से लेकर नेपाल तक का भ्रमण कर चुके है. भारत में बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगासागर, बंगाल, असम, कामाख्या देवी ,कन्याकुमारी, रामेश्वरम ओडीशा जैसे अलग–अलग जगह पर जा चुके हैं.उन्होंने कहा कि वो इस गाड़ी को अपने शरीर जैसे रखते हैं, ढक कर रखते हैं, कोई टूट फुट होती है कोई दिक्कत होती है तो वो खुद ही उसको ठीक कर लेते हैं और नींद लगती है तो इसी पर सो जाते हैं, इस गाड़ी में मच्छरदानी लगाने की व्यवस्था भी है सोने पर पंखा हवा देता है.महाकुंभ के इस 144 साल के संयोग पर उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा लोग प्रेम से यहां आएं. गंगा मैया में स्नान करें, संतों का आशीर्वाद लें और सुख शांति से रहें. बिना लड़ाई झगड़ा के रहें. उन्होंने कहा जैसे प्रयाग का मतलब होता है लंबा चौड़ा विस्तार वैसे ही अगर घर परिवार में लंबा चौड़ा विस्तार हो तो प्रेम से रहिए, प्रेम से रहेंगे तो सब ठीक रहेगा.

# अलीगढ़ के पालीमुकीमपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अराजक तत्वों ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त पहुचाया

अलीगढ़ के पालीमुकीमपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अराजक तत्वों ने गांव में लगी बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। रात के अंधेरे में आरोपी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करके गायब हो गए। जब सुबह लोगों को प्रतिमा खंडित होने की जानकारी हुई तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।गांव के लोग बड़ी संख्या में प्रतिमा के पास एकत्रित हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार. 'वाई की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर सीओ छर्रा महेश कुमार समेत क्षेत्रिय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझाया और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग शांत हुए।गांव दूरमा में टूटी हुई थी प्रतिमापालीमुकीमपुर के गांव दूरमा में बाबा साहेब की प्रतिमा टूटी हुई थी। सर्दी और कोहरे के कारण पहले लोग प्रतिमा की ओर ध्यान नहीं दे पाए। 9 बजे के बाद जब हल्की राहत हुई तो लोगों की नजर टूटी हुई प्रतिमा पर पड़ी, जिसके बाद लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।लोगों का कहना था कि




जानबूझकर प्रतिमा को तोड़ा गया है। प्रतिमा को कई जगह से क्षतिग्रस्त किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने लोगों को समझाया और मुख्य मार्गों पर लगे हुए सीसीटीवी भी देखने शुरू किए। जिससे कि गांव में आनेवाले संदिग्ध लोगों को चिन्हित किया जा सके। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।नई प्रतिमा के आश्वासन पर शांत हुए लोग प्रतिमा टूटने के कारण लोगों में आक्रोश था और लोग लगातार नारेबाजी कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त प्रतिमा को तोड़कर नई प्रतिमा लगवाई जाएगी। इसके साथ ही मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही है। सीओ महेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। लोगों को आश्वासन दिया गया है कि जल्दी ही आरोपियों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सीओ ने बताया कि क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलवाकर नई मूर्ति लगवाई जा रही है।

## विकास भवन मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान . योजना के तहत विकास भवन में लगा पंजीकरण शिविर

अलीगढ़ 17 जनवरी 2025 (सू0वि0)रू जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार स्थापना के लिए अधिकाधिक अवसर प्रदान किए जाने के लिए विकास भवन परिसर में पंजीकरण शिविर लगाया गया।उपायुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत 21 से 40 वर्ष के कम से कम आठवीं पास एवं कोई भी तकनीकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त युवक–युवतियों को बैंकों के माध्यम से अपना उद्योग अथवा सेवा क्षेत्र की गतिविधि प्रारंभ करने के लिए 05 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऋण में लगने वाले ब्याज की 4 वर्ष तक प्रतिपूर्ति प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी साथ ही 10 प्रतिशत मार्जिन मनी का भुगतान भी प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्हा.




'ने बताया कि योजना के अंतर्गत ब्ळज्डैम् कवरेज के लिए लगने वाले शुल्क की प्रतिपूर्ति भी प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी।सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र छत्रपाल सिंह ने बताया कि युवाओं को योजना के तहत पंजीकरण कराने के लिए विकास भवन में 16 जनवरी से शि. विर लगाया गया है जोकि आगामी दिनों में भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जिले के समस्त युवा वर्ग का आवाहन करते हुए यह अपील की गई की जो भी युवक अथवा युवतियां योजना की पात्रता की श्रेणी में आते हैं वह उेउम.नच.हवअ. पद या कपनचउेउम.नचेकब.हवअ.पद पर अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक के पास आधार नंबर, आधार से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर, शिक्षा व तकनीकी शिक्षा के प्रमाण पत्र, पैन कार्ड अनिवार्य रूप से होने चाहिए। योजना से संबंधित परियोजना रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध करा दी जाएगी।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का होगा आयोजन

अलीगढ़ जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष में 26 जनवरी को महिला व पुरूष ओपन वर्ग में 05 किलोमीटर क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय के द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला पुरूष वर्ग के विजेता धावको को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेगें।. उन्होंने बताया कि क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता जिलाधिकारी आवास से प्रातः 06:30 बजे प्रारम्भ होकर सुभाष चौक, ए0एम0यू0 सर्किल, लाल डिग्गी होते हुए अब्दुला गर्ल्स चौराहे से मैरिस रोड होते हुये केलानगर चौराहे से क्वार्सी चुंगी होकर रामघाट रोड पर चलकर महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम के मुख्य द्वार पर समाप्त होगी।

## फैक्टरी अकाउंटेंट से लूट का हुआखुलासा, मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे दबोचे, सवा लाख रूपये बरामद



इगलास के गांव गुरसेना की एंगल फैक्टरी के अकाउंटेंट सुशील पाठक अपने साथी के साथ फैक्टरी के रुपये लेकर बैंक जमा करने जा रहे थे। सुबह 09.45 बजे गोरवा–भोरवा रोड पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने सुशील पाठक से रुपयों भरा बैग छीन लिया और भाग गए।अलीगढ़ के इगलास स्थित गांव गुरसेना की एंगल फैक्टरी के अकाउंटेंट से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार किए गए हैं। एक बदमाश गोली लगने से घायल भी हुआ है। पकड़े गए आरोपियों से लूटी हुई 125500 रुपये, अवैध इगलास के गांव गुरसेना की एंगल फैक्टरी के अक. ।उंटेंट सुशील पाठक अपने साथी के साथ फैक्टरी के रुपये लेकर बैंक जमा करने जा रहे थे। सुबह 09.45 बजे गोरवा–भोरवा रोड पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने सुशील पाठक से रुपयों भरा बैग छीन लिया और भाग गए।अलीगढ़ के इगलास स्थित गांव गुरसेना की एंगल फैक्टरी के अकाउंटेंट से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार किए गए हैं। एक बदमाश गोली लगने से घायल भी हुआ है। पकड़े गए आरोपियों से लूटी हुई 125500 रुपये, अवैध असलाह–कारतूस, वॉकी–टॉकी, मोबाइल व बाइक बरामद की है।10 जनवरी को इगलास के गांव गुरसेना की एंगल फैक. टरी के अकाउंटेंट सुशील पाठक पुत्र सुरेश चन्द्र पाठक निवासी खारीवरी बुलन्दशहर अपने साथी के साथ फैक्टरी के रुपये लेकर बैंक जमा करने जा रहे थे। सुबह 09.45 बजे गोरवा–भोरवा रोड पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने सुशील पाठक से रुपयों भरा बैग छीन लिया और भाग गए।17 जनवरी को स्वॉट, सर्विलान्स टीम व इगलास पुलिस चौकिंग कर रही थी। इगलास में डबल नहर के बीच की पटरी पर सासनी रोड की तरफ एक बाइक सवार दो व्यक्ति आ रहे थे, जिन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पर फायर किया। मुठभेड़ में अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक के पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक पर जयपुर राजस्थान से 25000 रुपये वर्ष 2024 में इनाम घोषित है। ऐसे की लूटपकड़े गए अभियुक्तों के गिरोह में राजस्थान, आगरा व अलीगढ आदि जनपदों के सदस्य हैं। ये लोग फैक्ट्री, ज्वैलर्स की दुकानों आदि को चिन्हित करते हैं। कैश ले जाने वाले रास्तों की रैकी करते हैं। ऐसे लोगों को जो बैंक में रुपये जमा करने जाते हैं, को अवैध शस्त्रों से डरा धमकाकर कैश छीन कर भाग जाते हैं। पकड़े गए अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक पुत्र चौब सिंह निवासी ग्राम दुलारा थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा हाल पता महाराजा प्रोपर्टी अनिरुद्ध नगर मथुरागेट भरतपुर रा. जस्थान। अमित झा पुत्र बन्टू निवासी 6ध135 प्रकाश नगर थाना शाहगंज जनपद आगरा। यह हुआ बरामद 2 तमंचा नाजायज 315 बोर1 खोखा कारतूस4 जिन्दा कारतूस 315 बोरदो वॉकी–टॉकी हैंड सैटदो मोबाइल फोन एक मोटरसाइकिल हीरो स्पेलन्डर प्ल. सलूटी गयी रकम के 1,25,500 रुपयेअ. सलाह–कारतूस, वॉकी–टॉकी, मोबाइल व बाइक बरामद की है।10 जनवरी को इगलास के गांव गुरसेना की एंगल फैक. टरी के अकाउंटेंट सुशील पाठक पुत्र सुरेश चन्द्र पाठक निवासी खारीवरी

बुलन्दशहर अपने साथी के साथ फैक्टरी के रुपये लेकर बैंक जमा करने जा रहे थे। सुबह 09.45 बजे गोरवा–भोरवा रोड पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने सुशील पाठक से रुपयों भरा बैग छीन लिया और भाग गए।17 जनवरी को स्वॉट, सर्विलान्स टीम व इगलास पुलिस चौकिंग कर रही थी। इगलास में डबल नहर के बीच की पटरी पर सासनी रोड की तरफ एक बाइक सवार दो व्यक्ति आ रहे थे, जिन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पर फायर किया। मुठभेड़ में अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक के पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक पर जयपुर राजस्थान से 25000 रुपये वर्ष 2024 में इनाम घोषित है। ऐसे की लूटपकड़े गए अभियुक्तों के गिरोह में रा. जस्थान, आगरा व अलीगढ आदि जनपदों के सदस्य हैं। ये लोग फैक्ट्री, ज्वैलर्स की दुकानों आदि को चिन्हित करते हैं। कैश ले जाने वाले रास्तों की रैकी करते हैं। ऐसे लोगों को जो बैंक में रुपये जमा करने जाते हैं, को अवैध शस्त्रों से डरा धमकाकर कैश छीन कर भाग जाते हैं। पकड़े गए अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक पुत्र चौब सिंह निवासी ग्राम दुलारा थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा हाल पता महाराजा प्रोपर्टी अनिरुद्ध नगर मथुरागेट भरतपुर राजस्थान। अमित झा पुत्र बन्टू निवासी 6ध135 प्रकाश नगर थाना शाहगंज जनपद आगरा। यह हुआ बरामद 2 तमंचा नाजायज 315 बोर1 खोखा कारतूस4 जिन्दा कारतूस 315 बोरदो वॉकी–टॉकी हैंड सैटदो मोबाइल फोन एक मोटरसाइकिल हीरो स्पेलन्डर प्ल. सलूटी गयी रकम के 1,25,500 रुपये बरामद किये।

## प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग की नई .कार्यकारिणी का हुआ गठन



अलीगढ़ जिला विकास अधिकारी आलोक आर्या की अध्यक्षता में जिला विकास कार्यालय में प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों की नई कार्यकारिणी गठित किए जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिलास्तर पर सर्व सम्मति से जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य एवं परियोजना निदेशक भाल चन्द त्रिपाठी को संरक्षक नामित किया गया। डीडीओ ने बताया कि समिति में बीडीओ चण्डौस राहुल कुमार को अध्यक्ष, बीडीओ गंगीरी श्रीमती स्मृति अवस्थी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बीडीओ खैर विजय कुमार तिवारी को महामंत्री, बीडीओ अतरौली वेदप्रकाश को कोषाध्यक्ष, बीडीओ इगलास दीपक कुमार को मीडिया प्रभारी एवं बीडीओ धनीपुर अवधेश कुमार मिश्रा को ऑडिटर नामित किया गया है।

### 18 जनवरी को आहुत होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित

अलीगढ़ मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 18 जनवरी को श्स्वामित्व योजनाश् के अंतर्गत देश भर में तैयार किये गये प्रापर्टी कार्ड (घरौनियों) का इलेक्ट्रानिक वितरण नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से किया जाना है। तत्पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भौतिक रूप से भी घरौनी वितरण किया जाना सम्भावित है।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि घरौनी वितरण कार्यक्रम के दृष्टिगत शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त 18 जनवरी माह के तृतीय शनिवार को आहूत होने वाले ष्सम्पूर्ण समाधान दिवस को स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

### पीएम यशस्वी योजना के तहत राजकीय शिक्षण संस्थानों में पिछड़े वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए बनेंगे छात्रावास

अलीगढ़ जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए पीएम यशस्वी योजना के तहत राजकीय शिक्षण संस्थाओं यथा– मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेजों को प्राथमिकता देते हुये पॉलिटेक्निक, आई0टी0आई एवं महाविद्यालयों से छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे गये है।उन्होंने जिले के समस्त राजकीयशिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो व निदेशकों को सूचित किया है कि यदि आपके संस्थान को अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए छात्रावास की आवश्यकता है, तो 4 प्रतियों में प्रस्ताव कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, कक्ष संख्या 7 प्रथम तल विकास भवन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


### पूर्वदशम, दशमोत्तर एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समय सारणी जारी

अलीगढ़ जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 09–10), दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11–12) शुल्क प्रतिपूर्ति एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जिले के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग जाति के छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गये छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थान द्वारा ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 18 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है।उन्होंने जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य व प्राचार्य से अनुरोध किया है कि अन्य पिछड़े वर्ग के समस्त छात्र–छात्राओं से आवेदनपत्र जमा कराकर परीक्षणोंपरान्त सही पाये जाने पर अपने लॉगिन से तत्काल अग्रसारित करने का कष्ट करें। उन्होंने बताया कि योजना के विस्तृत दिशा निर्देश एवं समय सारणी `बीवसंतेीपच.नच. हवअ.पद बेबसाइट पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

# उधर महाकुंभ नहाने गए, इधर घर का ताला टूट गया

## रिवाल्वर व लाखों के आभूषण चोरी

मकान स्वामी महाकुंभ गए थे तो उनका बेटा भंडारे में शामिल होने चला गया। इसी बात का फायदा उठाकर बदमाश गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हो गए और यहां से लाइसेंसी रिवाल्वर, करीब 15 तोले के सोने–चांदी के आभूषण व नगदी बदमाश पार कर ले गए।उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस में शहर की महादेव कॉलोनी स्थित मकान को बदमाशों ने सरेशाम ही निशाना बना डाला। मकान स्वामी महाकुंभ गए थे तो उनका बेटा भंडारेमें शामिल होने चला गया। इसी बात का फायदा उठाकर बदमाश गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हो गए और यहां से ला. इसेंसी रिवाल्वर, करीब 15 तोले के सोने–चांदी के आभूषण व नगदी बदमाश पार कर ले गए। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। यहां पर पहुंचे डॉग स्क्वायड ने भी मौका मुआयना किया। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव नगला दली निवासी यतेंद्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह हाल निवासी महादेवी कॉलोनी कोतवाली हाथरस गेट अपनी पत्नी शारदा देवी के महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज गए थे। घर पर



उनका बेटा विश्वेंद्र अकेला था। विश्वेंद्र घर पर ताला लगाकर करीब आठ बजे शहर के अपने मिलने वाले के यहां भंडारे में शामिल होने के लिए चला गया। रात को वह करीब साढ़े दस बजे घर लौटा तो घर का ताला टूटा देख, उसके होश उड़ गए। घर के अंदर कम. रों में जाकर देखा तो सारा सामान इधर–उधर बिखरा पड़ा था। अलमारी के अंदर रखी लाइसेंसी रिवाल्वर, पांच तोले की चार चूडी सोने की, चार तोले का नै. कलैस, सोने की तीन अंगूठी, बाई तोले की सोने की चौन, 2 जोडी कान के कुंडल, तीन जोड़ी चांदी की पायल, आठ बिछुआ चांदी के, 12 सिक्के चांदी के, एक चांदी की गाय, दो नाग चांदी के, । नजरिया चांदी की, एक लाख रुपए की एफडी के कागजात, तीन एटीएम, ड्राइ. विंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पांच हजार रुपए नगद बदमाश पार कर ले गए। मकान से हुई चोरी की घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। यहां पर डॉग स्क्वायड भी पहुंचा। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।सीओ सदर योगेंद्र कृष्ण नारायन ने बताया कि ष्बंद मकान से आभूषण व ला. इसेंसी रिवाल्वर चोरी का मामला संज्ञान में आया है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चोरी को अंजाम देने वाले बदमाशों की पुलिस तलाश में जुटी है।ष

## हाथरस में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरे जोश के साथ चल रही है



हाथरस में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरे जोश के साथ चल रही हैं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया। परेड में कुल 6 टोलियां हिस्सा लेंगी, जिनमें सिविल पुलिस, पीएसी और महिला पुलिस शामिल हैं। क्षेत्राधिकारी सादाबाद परेड कमांडर की भूमिका निभाएंगे, जबकि प्रतिसार निरीक्षक द्वितीय कमांडर और उप–निरीक्षक सुशील कुमार तृतीय कमांडर होंगे। महिला टोली का नेतृत्व रितु तोमर करेंगी।परेड में मोटरसाइकिल दस्ता, पीआरवी वाहन, बज्र वाहन, रेडियो शाखा, फील्ड यूनिट, श्वान दल और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी शामिल होंगी। एसपी ने रिहर्सल के दौरान परेड में एकरूपता, साज–सज्जा औरअनुशासन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। 24 जनवरी को ग्रैंड रिहर्सल होगा।प्रतिसार निरीक्षक को परेड ग्राउंड और पुलिस लाइन की समुचित साज–सज्जा और सफाई के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही, गणतंत्र दिवस पर आने वाले अतिथियों के लिए बैठने की व्यवस्था और अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया।पुलिस अधीक्षक ने दिए दिशा निर्देश निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी अमित पाठक, प्रति. सार निरीक्षक राजकुमार सिंह और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक को परेड द्वारा सलामी दी गई

## हाथरस में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा की अदालत ने 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

हाथरस में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा की अदालत ने 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जो पीड़िता को दिया जाएगा। घटना 3 जून 2019 की है, जब सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में राजन नाम का युवक एक मासूम बच्ची को टॉफी का लालच देकर गांव से बाहर एक झोपड़ी में ले गया।वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। जब बच्ची घर नहीं लौटी, तो उसके माता–पिता उसे खोजते हुए झोपड़ी तक पहुंचे, जहां उन्हें बच्ची लहूलुहान हालत में मिली। आरोपी मौके से फरार हो गया। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और जांच के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।एडीजीसी मुकेश कुमार ने की पैरवीएडीजीसी मुकेश कुमार की पैरवी के बाद न्यायालय ने सभी सबूतों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अगर आरोपी जुर्माना नहीं चुकाता है, तो उसे अतिरिक्त




कारावास भी भुगतना होगा।

## हाथरस में दिनदहाड़े जेब. कतरों ने एक बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए उनसे 20 हजार रूपए पार

हाथरस में दिनदहाड़े जेबकतरों ने एक बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए उनसे 20 हजार रुपए पार कर दिए। कोतवाली सदर क्षेत्र के घंटाघर निवासी मोहनलाल खंडेलवाल बैंक से पैसे निकालकर लौट रहे थे, जब दो बदमाशों ने उन्हें लिफ्ट देने का प्रस्ताव रखा। बदमाशों ने चालाकी से मोहनलाल को अपनी बाइक पर बिठाया और रास्ते में ही उनकी जेब से दस–दस हजार रुपए की दो गड्डियां पार कर दी।इसके बाद बदमाश मोहनलाल को रास्ते में उतारकर फरार हो गए। जब मोहनलाल को अपनी जेब कटी होने का पता चला, तो वह हक्के–बक्के रह गए। काफी देर तक वह बीच बाजार में रोते रहे।लोगों ने दिलासा देकर किया शांतघटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। काफी देर तक रोते रहे मोहनलाल को स्थानीय लोगों ने सांत्वना दी। यह घटना शहर के व्यस्त इलाके में घटी, जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

## अब एडीपीआरओ का वेतन रोकने पर सीडीओ–डीपीआरओ में ठनी

अपर जिला पंचायतराज अधिकारी (एडीपीआरओ) का वेतन रोके जाने पर मुख्य विकास अधिकारी और डीपीआरओ में ठन गई है। सीडीओ द्वारा बैठक में गैरहाजिर रहने पर एडीपीआरओ का एक दिन का वेतन रोक जाने के आदेश के बाद डीपीआरओ सुबोध जोशी ने सीडीओ को पत्र भेजकर आपत्ति जता दी है।डीप. ीआरओ ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी पत्र भेजकर एडीपीआरओ का रुका हुआ वेतन आहरित करने की सिफारिश भी कर दी है। डीपीआरओ ने सीडीओ को भेजे पत्र में कहा है कि 10 जनवरी को एडीपीआरओ द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने के कारण उनका वेतन अवरूद्ध किया गया है। एडीपीआरओ के आक. स्मिक अवकाश, 45 दिन तक के अर्जित एवं चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार डीपीआरओ में निहित है। इस अधिकार के अनुसार एडीपीआरओ का 9 व 10 जनवरी का आकस्मिक अवकाश उन्होंने स्वीकृत किया था।उन्होंने कहा है कि जिला पंचायतराज अधिकारी की अनुपस्थिति में आहरण एवं वितरण को छोड़कर समस्त नैतिक कार्यों का संपादन और विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग करना एडीपीआरओ के पद के कर्तव्य एवं दायित्वों में शामिल है। आकस्मिक अवक. ाश पर होने के बावजूद एडीपीआरओ का 10 जनवरी का वेतन अवरुद्ध किए जाने का कोई औचित्य नहीं है।पत्र में डीपीआरओ ने यह भी कहा है कि 10 जनवरी को अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने के संबंध में उन्होंने सीडीओ और डीएम राहुल पांडेय को दूरभाष एवं व्हाट्स एप पर संदेश के माध्यम से सूचित करते हुए एडीओ पंचायत कृ ष्णकांत को बैठक में प्रतिभाग किए जाने के लिए निर्देशित किया था। एडीओ पंचायत बैठक में उपस्थित रहे थे। डीपीआरओ ने तो यहां तक कह दिया है कि शासनादेश के विचलन एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत वेतन अवरूद्ध होने पर यदि एडीपीआरओ द्वारा किसी न्यायिक संस्था की शरण ली जाती है और उस संस्था द्वारा कोई विप. रीत संज्ञान लिया जाता है तो इसके लिए उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी को पत्र भेजकर प्रस्तुत बिल के सापेक्ष एडीपीआरओ का 10 जनवरी का रुका हुआ वेतन आहरित किए जाने की संस्तुति की है। लेखाकार को भी एडीपीआरओ के 10 जनवरी के वेतन को शामिल करते हुए वेतन बिल कोषागार में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## 12 अफसर और 39 कर्मी मिले गैरहाजिर

मुख्य विकास अधिकारी सुरेशचंद्र केसरवानी ने बृहस्पतिवार को सुबह सवा दस बजे विकास भवन का निरीक्षण किया। 12 अधिकारी और 39 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने इन सभी का अग्रिम वेतन रोक दिया है। सभी का स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।गैरहाजिर मिले अधिकारियों में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) विपिन कुमार, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी प्रकाश कुमार चौबे, अधिशासी अभियंता आरईएस अशोक कुमार शर्मा, एई आरईएस मोनू शर्मा, एक्सईएन जल निगम नगरीय रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी आरके सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी प्रमोद कुमार, उप मुख्य चिकित. साधिकारी डॉ. प्रतिभा सचान, अल्पसंख्यक एवं कल्याण अधिकारी जहीर अब्बास, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, लोकपाल मनरेगा अधिकारी सतेंद्र कुमार शर्मा शामिल हैं।

## बीते 40 घंटे से ज्यादा, नहीं हुई शव की शिनाख्त, ट्रेन से गिरकर हुई थी मौत

अर्द्धबेहोशी की हालत में उसने अपना नाम रामपाल पुत्र रामविलास बताया था । जिला अस्पाल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक ने सफेद , बैंगनी ,आसमानी एवं गहरा नीला धारियों का स्वेटर , काली पेन्ट बादाम शर्ट एवं नीली एवं सफेद धारी की बनियान पहन रखी थी।सहपऊ क्षेत्र के गांव जलेसर रोड मानिकपुर से गुजरने वाली दिल्ला हावड़ा रेलवे लाइन पर एक ट्रेन से गिरकर 50 वर्षीय अज्ञात युवक की हाथरस जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उसके शव को लगभग 40 घंटे से अधिक का समय हो गया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।विदित है



कि 15 जनवरी की अर्द्धरात्रि के बाद ट्रेन से गिर कर 50 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया था। सूचना मिलने पर जलेसर पुलिस चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल व्यक्ति को पहले सीएचसी में भर्ती कराया । वहां से गंम्भीर हालत में उसे जिला अस्तपाल में भेजा । अर्द्धबेहोशी की हालत में उसने अपना नाम रामपाल पुत्र रामविलास बताया था । जिला अस्पाल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक ने सफेद , बैंगनी ,आसमानी एवं गहरा नीला धारियों का स्वेटर , काली पेन्ट बादाम शर्ट एवं नीली एवं सफेद धारी की बनियान पहन रखी थी। पुलिस ने उसके शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।



# प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने पर युवक ने खाया जहर, मौत





कासगंज। अमांपुर के एक युवक ने प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने के बाद जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। रा. जस्थान के भिवाड़ी में काम करने वाले इस युवक ने आत्महत्या से पहले डेढ़ पेज का सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका द्वारा धोखा दिए जाने का जिक्र किया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।तीन साल से था प्रेम प्रसंगअमांपुर कस्बे के गुड़मड़ी शास्त्री नगर निवासी 24 वर्षीय शिशांत गुप्ता, पुत्र मुकेश गुप्ता, राजस्थान के भिवाड़ी में एक कंपनी में काम करता था। पिछले तीन साल से वह अमांपुर की एक युवती से प्रेम करता था। बुधवार को फोन पर दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा. सुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि शिशांत गुप्ता ने अपने कमरे में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया।सुसाइड नोट में बयां किया दर्द घटना स्थल से मिले सुसाइड नोट में शिशांत ने अपनी प्रेमिका पर धोखा देने का आरोप लगाया है। उसने लिखा कि वह पिछले तीन साल से युवती से प्यार करता था, लेकिन अब वह किसी और से बात करती है। उसने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुई। सुसाइड नोट में शिशांत ने अपने माता–पिता से माफी मांगते हुए लिखा कि वे उससे बहुत प्यार करते हैं।परिजनों का रो–रोकर बुरा हालघटना की सूचना मिलते ही शिशांत के परिजन भिवाड़ी पहुंचे और गुरुवार सुबह करीब 3 बजे उसका शव लेकर अमांपुर लौटे। परिवार में मातम पसरा हुआ है, और परिजन शिशांत की मौत से गहरे सदमे में हैं।थाना प्रभारी चंचल सिरोही ने बताया कि युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट से मौत के कारणों की पुष्टि होगी। सुसाइड नोट के आधार पर पता चला है कि युवक ने प्यार में धोखा मिलने से आहत होकर आत्महत्या की है। फील्ड यूनिट ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और सुसाइड नोट की जांच की जा रही है।थाना प्रभारी ने कहा, "प्रेम प्रसंग के चलते युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सुसाइड नोट से स्पष्ट हुआ है कि युवक धोखे से आहत था। आगे की जांच की जा रही है।

## कासगंज में एक सर्राफा व्यापारी की 16 सेकेंड में मौत हो गई



कासगंज जिले में एक दुखद घटना घटित हुई, जिसमें एक सर्राफा व्यापारी की महज 16 सेकेंड में मौत हो गई. अभिषेक माहेश्वरी (43), जो कि बिलराम गेट स्थित सर्राफा दुकान के मालिक थे, कार्डियक अरेस्ट के कारण उनकी जान चली गई. इस घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है.9 जनवरी की सुबह, अभिषेक माहेश्वरी अपने दुकान पर बैठे हुए थे और ग्राहकों के साथ सामान्य बा. तचीत कर रहे थे. इस बीच अचानक उन्हें सीने में दर्द हुआ, और उन्होंने अपनी कुर्सी से थोड़ा इधर–उधर होकर अपना हाथ सीने पर रखा. इसके बाद वो काउंटर पर सिर झुकाकर बेसुध हो गए. हैरान करने वाली बात ये है कि मात्र 16 सेकेंड के भीतर उनकी मौत हो गई. बलराम गेट स्थित सर्राफा दुकान के मालिक अभिषेक शर्मा की मौत 9 जनवरी को हुई।दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि अभिषेक शर्मा अपनी दुकान पर ग्राहकों के साथ बातचीत कर रहे थे।कुर्सी से थोड़ा इधर–उधर होते हैं। सीने पर हाथ रखते हैं और फिर काउंटर पर ही सिर रखकर बेसुध हो गए। हैरान करने वाली बात यह है कि अटैक आने के मात्र 16 सेकेंड के भीतर ही उनकी मृत्यु हो गई।लोगों ने बचाने का किया प्रयास।घटना के समय दुकान पर मौजूद लोगों ने अभिषेक को बचाने का भरसक प्रयास किया। उन्होंने तुरंत सीपीआर देने की कोशिश की और हाथ–पैर की मालिश भी की। उन्हें तत्काल अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभिषेक माहेश्वरी की पत्नी का नाम गरिमा माहेश्वरी है। दो बच्चे हैं। एक बेटा निकुंज महेश्वरी उम्र 18 वर्ष और बेटी भव्या माहेश्वरी उम्र 13 वर्ष। इस असामयिक मृत्यु ने उनके परिवार, दोस्तों और पूरी कासगंज की सर्राफा मार्केट में शोक की लहर दौड़ा दी है. यह घटना इस बात का प्रमाण है कि हम कितनी भी तंदुरुस्ती की स्थिति में हो, हमारे जीवन में अचानक कुछ भी हो सकता है.

# एटा के रामलीला मैदान में चल रही भव्य प्रदर्शनी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने देर रात विशेष निरीक्षण किया



एटा के रामलीला मैदान में चल रही भव्य प्रदर्शनी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने देर रात विशेष निरीक्षण किया। भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे एसएसपी ने सुरक्षा के कई पहलुओं की समीक्षा की।एसएसपी ने मेला प्रांगण में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया और सीसीटीवी कक्ष की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न चेकिंग पॉइंट्स का दौरा करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष दिशा–निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि मेले में भीड़ का फायदा उठाकर जेब. कतरे और टप्पेबाज सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने किसी भी अराजक तत्व के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।मेले में मौजूद लोगों की सघन तलाशीनिरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने मेले में मौजूद लोगों की सघन चेकिंग भी की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह, एएसपी योगेन्द्र कुमार, सीओ सदर अमित राय और थाना प्रभारी कोतवाली नगर राजेश कुमार चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एसएसपी ने मेले तक पहुंचने से पहले शहर के विभिन्न तिराहों और चौराहों पर पैदल मार्च भी किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

# पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्य करें ग्राम प्रधान

कासगंज। उच्च न्यायालय के आदेश पर जिले में ई– ग्राम स्वराज और पीएफ एमएस पोर्टल के बारे में प्रधानों को बारीकियां समझाई जा रही हैं। गंजडुंडवारा और पटियाली विकास खंड सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बृहस्पतिवार को हुआ। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने प्रधानों को प्रशिक्षित किया।बीडीओ श्रुति गर्ग ने कहा कि प्रधान गुणवत्ता के साथ गांव में विकास कार्य कराएं। पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के अनुसार योजनाओं का लाभ दें। प्रधानमंत्री आवास 2024 में आवास विहीन परिवारों का नाम सूची में दर्ज कराएं। इससे उन्हें आवासीय योजना का लाभ मिल सके। मास्टर ट्रेनर नाहर सिंह,अशोक तोमर , राकेश बाबू ने ग्राम प्रधानों को पंचायती राज के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत गांव में विकास कार्य कराएं। निर्माण कार्य कराते समय उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 का पालन करें। निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर प्रधानों को पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (ळ) के तहत उन्हें प्रधान पद से हटाने को प्रावधान है। ग्राम पंचायतों का समय पर आयकर रिर्टन जमा कराएं। महिला प्रधान अपने अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वहन करें। ई–ग्राम स्वराज पोर्टल व पीएफएमएस के बारे में प्रशिक्षित किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुधीर गुप्ता, प्रधान कुंती देवी , हर प्यारी, ऊषा , सुमन लता, प्रेमवती, सुनीता, ज्ञान देवी , ओंकार , अफजल नवी सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे।


## बिना पंजीकृत संचालित चार क्लीनिक सील, नोटिस जारी

कासगंज। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिना पंजीकृत सिढ़पुरा क्षेत्र के सरावल में संचालित चार झोलाछाप के क्लीनिक को सील कर दिया। दो क्लीनिक संचालक दुकान का शटर गिराकर भागे। टीम ने दोनों झोलाछाप की क्लीनिक पर नोटिस चस्पा किया। जबकि दो संचालकों को नोटिस जारी सर्व कराए गए।कासगंज। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिना पंजीकृत सिढ़पुरा क्षेत्र के सरावल में संचालित चार झोलाछाप के क्लीनिक को सील कर दिया। दो क्लीनिक संचालक दुकान का शटर गिराकर भागे। टीम ने दोनों झोलाछाप की क्लीनिक पर नोटिस चस्पा किया। जबकि दो संचालकों को नोटिस जारी सर्व कराए गए।ब्लॉक सिढ़पुरा के सरावल क्षेत्र में झोलाछाप द्वारा क्लीनिक चलाने की शिकायत पर सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने नोडल अधिकारी मदन कुमार को जांच के लिए भेजा। नोडल अधिकारी विभाग की टीम व पुलिस के साथ सरावल पहुंचे। टीम ने मोहित व रवि के क्लीनिक की जांच की। जांच में दोनों क्लीनिक पंजीकृत नहीं मिले। ना ही संचालक कोई डिग्री नहीं दिखा सके।इसके बाद स्वास्थ्य टीम ने दोनों क्लीनिकों को सील कर दिया। साथ ही संचालकों को नोटिस दिए गए। टीम के आने पर बंगाली क्लीनिक संचालक व एक अन्य संचालक दिनेश दुकान अपनी दुकान का शटर गिराकर भाग गए। दोनों की दुकानों को सील कर नोटिस चस्पा किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक धर्मेन्द्र एवं विमल उपाध्याय के साथ ब्लॉक स्तरीय टीम सदस्य डॉ. आमिर खान एवं डॉ अजय मौजूद रहे।

# घर में घुसकर महिला को पीटा, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर घुसकर एक महिला की पिटाई के मामले में महिला ने गांव के ही चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दे रही है।12 जनवरी को रास्ते के विवाद को लेकर महिला देववती गांव के नंदराम ने गाली गलौज करते हुए उसके देवर की पिटाई कर दी थी। जिसका फैसला सहावर थाने में हो गया था। महिला देवर के इलाज के लिए पैसे आरोपियों के घर मांगने गई थी। तभी आरोपी बौखला गए और महिला के घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए लात, घूंसों से मारपीट कर दी।महिला ने अपने बचाव के लिए चीख–पुकार मचा दी। आवाजसुनकर गांव के लोगों को आता देख आरोपी गाली–गलौज जाने से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। महिला ने पुलिस को जानकारी देते हुए घटना की तहरीर दी है। आरोपी देवेंद्र, महेश, महीपाल और मुनीश के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। प्रभारी निरीक्षक प्रवेश राणा ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अवैध तरीके से लकड़ी काटने पर लगाया 80 हजार का जुर्माना



सोरोंजी। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोयती में खेत में लगे नीम व जामुन के 25 पेड़ों का अवैध रूप से कटान किया जा रहा था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी वन अधिकारी विवेक कुमार को दी। पुलिस व वन विभाग की टीम ने अवैध कटान के लिए जिम्मेदार ठेकेदार राधेश्याम पर 80 हजार का जुर्माना लगाया है।यह पेड़ मलखान सिंह के खेत में लगे थे। मलखान सिंह ने बिना वन विभाग की अनुमति के पेड़ काटने का ठेका राधेश्याम निवासी खेरपुर को दे दिया। वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार एवं सेक्शन अधिकारी चिरंजी लाल, वन दरोगा राहुल चौधरी, वन रक्षक रोहित कुमार ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से काटी गई लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की है और 80 हजार का जुर्माना लगाया है।

# एटा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में विद्युत तार चोरी करने वाले संगठित गिरोह का किया भंडाफोड़

एटा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में विद्युत तार चोरी करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से साढ़े छह कुंतल चोरी का विद्युत तार, एक लाख पच्चीस हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई मैक्स पिकअप कार बरामद की है।मामला जैथरा और जसरथपुर थाना क्षेत्र का है। जहां अज्ञात चोरों ने मंगलवार और बुधवार को हा. ईटेंशन विद्युत लाइन से तार चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर स्वाट टीम, सर्विलांस और दोनों थानों की पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई की।पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह कबाड़ के व्यवसाय की आड़ में सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपियों में गौरव (बैंगलपुर, कंपिल), विष्णु (धनीपुर, अलीगढ़), रोहित (कुर्रा, मैनपुरी), शिव कुमार (नेहरूनगर, जै. थरा), जितेंद्र (जैथरा), शाकिर (भुजपुरा, अलीगढ़) और अमन कुमार (कुर्रा, मैनपुरी) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों का पहले से आपराधिक इतिहास दर्ज है।UP81079901एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि एटा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए सात शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साढ़े छः कुंतल सिल्वर का विद्युत तार जिसकी कीमत लाखों रुपए में है बरामद किया गया है। चोरी के प्रयुक्त मैक्स पिक अप कार बरामद की गई है। बदमाशों के पास से एक लाख पच्चीस हजार रुपए बिक्री किये हुई तार की रकम को बरामद किया गया है

### कासगंज के थाना ढोलना क्षेत्र के किनावा गांव में एक दुखद घटना सामने आई

गेहूं के खेत में अवैध रूप से लगाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान नारायणी देवी (पत्नी ओम प्रकाश) के रूप में हुई है।घटना उस समय हुई जब नारायणी देवी सुबह शौच के लिए खेत की तरफ गईं। एक किसान ने अपने गेहूं के खेत की सुरक्षा के लिए चारों तरफ बिजली का तार लगा रखा था। अनजाने में करंट की चपेट में आने से नारायणी देवी की मौके पर ही मौत हो गई।खेत मालिक के खिलाफ शिकायत दर्जस्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही ढोलना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों ने खेत मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौ:-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**

**हिंन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा